# राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

**सादर प्रकाशनार्थ :-**

**जयपुर, 01 फरवरी।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने केन्द्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट को देशवासियों के लिये निराशाजनक बताते हुए कहा कि वित्त मंत्री द्वारा पेश बजट युवाओं, किसानों, महिलाओं, गरीबों, छोटे उद्योगपतियों के हितों को ध्यान में रखकर नहीं बनाया गया है बल्कि भाजपा नेताओं के कुछ चुनिन्दा पूँजीपति मित्रों को खुश करने वाला तथा देश में आर्थिक असमानता बढ़ाने वाला बजट है।

श्री डोटासरा ने कहा कि आर्थिक रूप से त्रस्त देश की आम जनता को खासकर मध्यमवर्गीय परिवारों को आयकर में राहत की उम्मीद थी, किन्तु केन्द्र सरकार ने इस उम्मीद की अनदेखी करते हुए बड़े उद्योगपतियों को राहत देने हेतु कॉरपोरेट टैक्स में कमी की है। उन्होंने कहा कि लोंग टर्न कैपीटल गैन पर 15 प्रतिशत टैक्स लगाकर लोगों की बचत में नुकसान पहुँचाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि इस बजट में राजस्थान के विकास के लिये कोई योजना आवंटित नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि राजस्थान से 25 सांसद भाजपा के चुने गये हैं किन्तु प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राजस्थान की जनता से ईस्टर्न कैनाल योजना को राष्ट्रीय परियोजना बनाने का वादा पूरा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री भी राजस्थान से है इसके बावजूद राजस्थान में पानी के लिये विशेष पैकेज बजट में नहीं दिया जाना राजस्थान की जनता के हितों पर कुठाराघात है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने केवल उन राज्यों पर ध्यान केन्द्रित किया है जहाँ आगामी समय में चुनाव होने हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान के टोंक को रेलवे लाईन से जोड़ने तथा बांसवाड़ा-नीमच रेलवे लाईन की बहुलम्बित मांग की अनदेखी करते हुए कोई बजट राशि आवंटित नहीं की गई है जबकि पूर्वोत्तर में चुनावों के मध्यनजर रेलवे की परियोजनाओं हेतु राशि का आवंटन किया गया है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार ऑर्गेनिक कृषि को बढ़ावा देने के लिये केवल गंगा किनारे केमीकल फ्री खेती के लिये स्थान चिन्हित किया है जबकि राजस्थान एवं अन्य प्रदेशों की अनदेखी की गई है।

श्री डोटासरा ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट में मँहगाई और बेरोजगारी के नियंत्रण अथवा कम करने की कोई योजना नजर नहीं आती है। उन्होंने कहा कि बजट के केन्द्र में ना तो देश के युवा हैं, ना किसान हैं, ना महिलायें हैं और ना ही गरीब है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार का यह बजट पूर्णतया निराश करने वाला बजट है।

**( स्वर्णिम चतुर्वेदी )**
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter

# राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

**सादर प्रकाशनार्थ :-**

**जयपुर, 01 फरवरी।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के संगठन चुनावों के लिये अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त पीआरओ श्री संजय निरूपम, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर पर राज्य मंत्रीमण्डल के सदस्यगण, कांग्रेस पार्टी के विधायकगण, विधायक प्रत्याशीगण, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीगण, वर्तमान एवं निवर्तमान जिलाध्यक्षगण, अग्रिम संगठनों के प्रदेशाध्यक्षगण, कांग्रेस डिजिटल सदस्यता अभियान के स्टेट कोर्डिनेटर्स व को-कोर्डिनेटर्स की बैठक ली।

बैठक को सम्बोधित करते हुए राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने कहा कि जब-जब देश में कांग्रेस सदस्यता अभियान सम्पन्न हुआ है, राजस्थान अव्वल नम्बर पर रहा है। उन्होंने कहा कि पहली दफा डिजिटल माध्यम से कांग्रेस के सदस्य बनाये जा रहे हैं जिस हेतु विधानसभावार चीफ एनरोलर नियुक्त किये जाकर कांग्रेस सदस्यता के लिये जारी ऐप के एक्सेस प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा कि डिजिटल माध्यम से प्रदेश में 50 लाख से अधिक सदस्य बनाये जायेंगे तथा पुन: राजस्थान कांग्रेस के सदस्य बनाने में देश में अव्वल स्थान प्राप्त करेगा। उन्होंने कहा कि चुनावों के डेढ़ से दो वर्ष पूर्व कार्यकर्ताओं के साथ जनता के बीच जाने का सुअवसर सदस्यता अभियान के माध्यम से मिला है जिसका अधिकाधिक लाभ सभी कांग्रेस नेताओं को उठाना चाहिये। उन्होंने कहा कि डिजिटल सदस्यता अभियान के तहत् किसी भी प्रकार की कठिनाई को अथवा तकनीकी समस्या का निदान राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा तत्काल निकाला जायेगा तथा उन्होंने आह्वान किया कि सभी नेतागण शीघ्रातिशीघ्र सदस्यता अभियान के तहत् ली हुई सदस्यता बुकलेंटों को जमा करवायें। उन्होंने कहा कि डिजिटल सदस्यता अभियान के तहत् कार्यकर्ताओं का एक बड़ा डाटा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पास मौजूद रहेगा जिससे कांग्रेस के अभियान एवं कांग्रेस नेताओं द्वारा अलग-अलग स्थानों पर किये जा रहे कार्यों की जानकारी तत्काल सीधे कार्यकर्ताओं तक पहुँचाई जा सकेगी।

श्री डोटासरा ने कहा कि जब कार्यकर्ता कांग्रेस का सदस्य बनाने हेतु किसी व्यक्ति के पास जाये तो केन्द्र सरकार की जनविरोधी नीतियों से उस व्यक्ति अवगत कराये। साथ ही



Created by Universal Document Converter

राजस्थान सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी उक्त व्यक्ति को जरूर प्रदान करे। उन्होंने कहा कि राजस्थान का सौभाग्य है कि संगठन का लम्बा अनुभव रखने वाले श्री संजय निरूपम को संगठन चुनावों हेतु राजस्थान प्रदेश का चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है जिनके अनुभव का लाभ उठाकर कांग्रेस कार्यकर्ता तय लक्ष्य से अधिक सदस्य जोड़कर नया रिकॉर्ड कायम करेंगे।

पीआरओ एवं पूर्व सांसद श्री संजय निरूपम ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा डिजिटल सदस्यता अभियान पूरे विश्व में अनूठा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का डिजिटल सदस्यता अभियान पूरी पारदर्शिता के साथ एवं सही तथ्यों के आधार पर चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि डिजिटल सदस्यता अभियान के तहत् सदस्य बनाने हेतु ली गई जानकारी का वेरीफिकेशन अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पास पहले से मौजूद डाटा से किया जाता है जिस कारण सदस्यता के दौहरीकरण अथवा अन्य किसी त्रुटिपूर्ण डाटा एन्ट्री की गुंजाईश नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सदस्यता अभियान की सफलता से ही सभी कांग्रेसजनों का हित जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि डिजिटल सदस्यता अभियान के माध्यम से जोड़ा गया प्रत्येक सदस्य 100 प्रतिशत खरा कार्यकर्ता होगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 30 से 40 बूथों पर एक चीफ एनरोलर नियुक्त किया जायेगा तथा प्रत्येक बूथ पर दो लोगों को डिजिटल सदस्यता अभियान के ऐप का एक्सेस प्रदान किया जायेगा जो अपने-अपने बूथ पर 100 सदस्य डिजिटल माध्यम से जोड़ेंगे।

श्री निरूपम ने कहा कि कांग्रेस सदस्यता अभियान पूर्ण होने के पश्चात् सदस्यों के बीच से ही ब्लॉक अध्यक्ष एवं पीसीसी व एआईसीसी डेलीगेटस् चुने जायेंगे। उन्होंने कहा कि जहाँ सर्वसम्मति होगी वहाँ सदस्यों द्वारा प्रदत्त नाम को निर्वाचित घोषित किया जायेगा तथा जिस बूथ अथवा ब्लॉक में अधिक प्रतिस्पर्धा होगी वहाँ चुनाव के द्वारा डेलगेटस् निर्वाचित हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि पूरी पारदर्शिता के साथ प्रदेश में संगठन चुनाव सम्पन्न होंगे।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि बैठक को राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष श्री सचिन पायलट, एपीआरओ श्री राजेन्द्र सिंह ने भी सम्बोधित किया। बैठक का मंच संचालन मुख्यालय सचिव श्री ललित तूनवाल ने किया।

**( स्वर्णिम चतुर्वेदी )**

प्रवक्ता

मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter

# राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

**सादर प्रकाशनार्थ :-**

**जयपुर, 01 फरवरी।** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. श्री मोहनलाल जी सुखाड़िया की पुण्यतिथि के अवसर पर कल दिनांक 02 फरवरी, 2022 को प्रातः 11 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, इन्दिरा गाँधी भवन, स्टेशन रोड, जयपुर पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

इस अवसर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा, प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारीगण, वरिष्ठ कांग्रेसजन, जयपुर शहर एवं जयपुर देहात जिला कांग्रेस कमेटियों के निवर्तमान पदाधिकारीगण, अग्रिम संगठनों के पदाधिकारीगण, विभिन्न विभागों व प्रकोष्ठों के निवर्तमान पदाधिकारीगण सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहेंगे।


**( स्वर्णिम चतुर्वेदी )**
प्रवक्ता
मो. 9414074197


Created by Universal Document Converter